महासभाध्यक्ष द्वारा ''संगम'' भवन का निरीक्षण एवं परिषद की ओर से अभिवादन

दिनांक 2 जनवरी,2018 को विजयवर्गीय समाज के उपयोग हेतु निर्माणाधीन ''संगम'' विजयवर्गीय सामुदायिक केन्द्र, प्रतापनगर, जयपुर के निरीक्षण हेतु अखिल भारतीय विजयवर्गीय महासभा के नवनिर्वाचित महासभाध्यक्ष श्री कन्हैयालाल विजयवर्गीय (सूरत वाले) अन्य महानुभावों के साथ सपत्निक पधारे ।

उनके आगमन पर परिषद की संगठन मंत्री श्रीमती सुमन विजयवर्गीय द्वारा सभी का कुमकुम तिलक लगाकर स्वागत किया । महासभाध्यक्ष व उनके साथ पधारे अन्य महानुभावों ने संगम भवन का नीचे से ऊपर तक का पूरा आत्मीय के साथ निरीक्षण किया ।

निरीक्षण पश्चात् विजयवर्गीय राजसेवक परिषद के पूर्व मुख्य संरक्षक श्री जे.पी.गुप्ता, मुख्य संरक्षक श्री लल्लूलाल विजयवर्गीय, परिषद के संस्थापक अध्यक्ष एवं संरक्षक श्री नन्दकिशोर विजयवर्गीय, परिषद अध्यक्ष श्री राजेन्द्र प्रसाद विजयवर्गीय (नारायणपुर निवासी) एवं परिषद के सलाहकार, कार्यकारिणी एवं संगम निर्माण समिति के पदाधिकारियों द्वारा श्री कन्हैयालाल जी को साफा, शॉल, राम दुप्पटे से अभिनन्दन किया गया ।

परिषद अध्यक्ष द्वारा श्री कन्हैयालाल जी का विजयवर्गीय समाज को लम्बे अरसे के बाद निर्वाचित महासभाध्यक्ष के रूप में निर्वाचित होने पर अभिनन्दन करते हुये परिषद द्वारा चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों एवं परिषद के विजयवर्गीय बच्चों के भविष्य पर चिंतन कार्यक्रम के अन्तर्गत ''प्रयास'' कॅरियर निर्देशन एवं ''संगम'' भवन निर्माण की आगामी योजना एवं परिषद की विभिन्न गतिविधियों व संगम निर्माण के संबंध में परिषद की ओर से अपनाई जा रही पार्दर्शिता को परिषद की वेबसाईट पर 24 धण्टे उपलब्ध रहने के बारे में अवगत कराते हुये कहा कि संगम भवन की एक मंजिल अखिल भारतीय स्तर पर विजयवर्गीय छात्रों के उपयोग हेतु छात्रावास भवन के रूप में एवं एक मंजिल 13 प्रदेशों के नाम से एक–एक कमरा निर्माण कराया जाना है ।

साथ ही परिषद अध्यक्ष ने नवनिर्वाचित महासभाध्यक्ष से अपेक्षा की गई कि नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह व इसकी प्रथम बैठक ''संगम'' भवन में आयोजित कराई जाकर विजयवर्गीय समाज में नये आयान स्थापित करने के साथ, निर्माण कार्यो में सहयोग करने हेतु अखिल भारतीय स्तर पर समय समय पर होने वाली कार्यकारिणी की बैठकों के एजेन्डा में ''संगम'' निर्माण एवं 13 प्रदेशों के माध्यम से उनके नामकरण के साथ एक एक कमरा निर्माण कराने के बिन्दु प्राथमिकता प्रदान करते हुये शामिल किया जाये।

महासभाध्यक्ष ने अपने उद्‌बोधन में विजयवर्गीय राजसेवक परिषद की ओर से किये गये अभिवान्दन के लिये आत्मीय आभार व्यक्त करते हुये परिषद माध्यम से परिषद व विजयवर्गीय समाज हित में किये जा रहे रचनात्मक कार्यो की, विशेष तौर पर ''संगम'' निर्माण की प्रशंसा करते हुये उन्होंने इस संगठन की कार्य प्रणाली को उनके द्वारा गठित की जाने वाली कार्यकारिणी के नवाचार में जोडने की बात करते हुये परिषद अध्यक्ष द्वारा की गई अपेक्षाओं को क्रियान्वित करने का पूरा आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने समाज के प्रत्येक व्यक्ति विभिन्न सामाजिक संगठनों को महासभा से जोडने की बात कही।

परिषद के संस्थापक अध्यक्ष श्री नन्दकिशोर विजय एवं महासचिव श्री शिव कुमार विजयवर्गीय ने ''संगम'' निर्माण एवं इस आगामी कार्य योजना में महासभा की भागीदारी को प्रमुखता प्रदान करने की महासभाध्यक्ष से अपेक्षा करते हुये उनके यहां पधारने हेतु आभार जताया।

इस अवसर पर विजयवर्गीय समाज के अनेकों गणमान्य महानुभाव भी उपस्थित हुये । कार्यक्रम पश्चात सभी ने अल्पहाकार का आनन्द भी लिया ।